# विकलांग आईटी छात्र को कुलपति ने भेंट की आधुनिक मोटरचलित ट्राईसाइकिल

# गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

प्रेस विज्ञप्ति **दिनांक : 18.11.2011**

**विकलांग आईटी छात्र को कुलपति ने भेंट की आधुनिक मोटरचलित ट्राईसाइकिल**

**बिलासपुर** : गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. लक्ष्मण चतुर्वेदी ने दिनांक 18.11.2011 को आईटी भवन में बी.टेक. प्रथम वर्ष (कम्प्यूटर साइंस) के विकलांग छात्र निरंजन कुमार को आधुनिक मोटरचलित ट्राईसाइकिल भेंट की। कुलपति डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि छात्र जब तक विश्वविद्यालय में अध्ययनरत रहेगा पेट्रोल चलित ट्राईसाइकिल का पेट्रोल एवं मेण्टीनेंस खर्च भी विश्वविद्यालय द्वारा वहन किया जायेगा। साथ ही आईटी के डीन प्रो.एस.एन. साहा को निर्देशित किया कि इस छात्र की शारीरिक स्थिति को देखते हुए इसकी सभी कक्षाएं भू–तल पर स्थित कक्ष में ही ली जाय। इस मौके पर कुलपति ने कहा कि संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष एवं शिक्षक नियमित रूप से छात्रों से वार्तालाप कर उनकी समस्याओं का निराकरण करें। आवश्यक हो तो अतिरिक्त कक्षाएं लें और माह में नियमित रूप से एक बार कार्यशाला का आयोजन कर छात्रों की पठन–पाठन से सम्बन्धित शंकाओं का समाधान करें। उन्होंने छात्र–छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आपके माता–पिता ने आपको जिस उम्मीद के साथ केन्द्रीय विश्वविद्यालय में पढ़ने के लिए भेजा है उनकी उम्मीदों पर खतरा उतरे। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो.एम.एस.के. खोखर, कार्यपरिषद सदस्य जावेद उस्मानी, प्रो. एस.पी. सिंह, प्रो. बी.एन. तिवारी सहित कई विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण व बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं मौजूद थे।

## किसान का बेटा है निरंजन

बिहार के पटना के अतिपिछड़े गांव के किसान परिवार से आया निरंजन कुमार बहुत खुश है। खुशी का कारण भी वाजिब है उसने कुलपति व रजिस्ट्रार के हाथों आधुनिक मोटरचलित ट्राइसाइकिल जो पाया है। बीटेक कम्प्यूटर साइंस का होनहार छात्र निरंजन जब एक दिन विश्वविद्यालय के चढ़ान भरी सड़क पर अपनी पुरानी ट्राईसाइकिल चढ़ाने की जद्दोजहद कर रहा था तभी उस पर विश्वविद्यालय के मुखिया की नजर पड़ी। उन्होंने उसे बुलाकर बात की और उसकी परेशानी को महसूस किया। यह बात बताते हुए निरंजन की आंखें भर आयीं।